**Fourteenth Loksabha**

## Session : 6
## Date : 16-12-2005
## Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

>

Title : Need to construct railway lines in backward and tribal areas on priority basis.

**श्री हंसराज जी.अहीर (चन्द्रपुर)** : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि रेल मंत्रालय द्वारा सारे देश में रेल का विकास किया जाता है। यह सारे देश की जरूरत है। रेल से केवल परिवहन को ही नहीं, बल्कि अन्य उद्योगों को भी फायदा होता है। मैंने, अपने संसदीय क्षेत्र जिला चन्द्रपुर, जिला गड़चिरोली में कुछ नए मार्ग स्थापित करने हेतु सर्वे कराने की मांग की थी। रेल मंत्रालय की यह नीति है कि आदिवासी और खनिज सम्पदा वाले जिलों को प्राथमिकता देता है। इसके बावजूद भी मुझे पत्र आया है कि रेल मंत्रालय के पास पहले से ही 46 हजार करोड़ रुपए के सर्वे किए हुए कार्य पैंडिंग पड़े हैं। हमने मांग की कि चन्द्रपुर से मुम्बई के लिए गाड़ी चलाई जाए। हमें उत्तर मिला कि यह गाड़ी हम नहीं चला सकते हैं, यह वाणिज्यिक दृटि से ठीक नहीं होगा। हमने मांग की कि गड़चिरोली से रेल चलानी है, तो उन्होंने कहा कि हम अभी रेल नहीं चला सकते हैं, जबकि रेल मंत्रालय की नीति है कि आदिवासी जिलों में रेल चलाने को प्राथमिकता देने का नियम है। ऐसा होते हुए भी गलत उत्तर देने का काम रेल विभाग के अधिकारी कर रहे हैं। मैं रेल मंत्री जी से अपील करता हूं कि एमपी जो मांग करते हैं, उनके प्रश्नों का सही उत्तर रेल मंत्रालय दे।